## Headline

1. Market on Counting Day: चुनावी नतीजों के बीच शेयर बाजार उतार-चढ़ाव; सेंसेक्स 400 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 के पार
2. IDF: बेरूत पर हमले में हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत; इस्राइली सेना का दावा
3. Indian Air Force: IAF की 92वीं वर्षगांठ, PM मोदी ने दी बधाई; तांबरम स्टेशन पर बिगड़ी वायुसेना के जवान की तबीयत
4. यति के बयान पर बवाल: मेरठ में पुलिस पर पथराव... अलीगढ़ में छात्रों का प्रदर्शन; गाजियाबाद में 16 मामले दर्ज
5. Ola: ओला इलेक्ट्रिक पर CCPA की कार्रवाई, उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के लिए नोटिस
6. USA: अमेरिकी अदालत से गूगल को झटका, कंपनी को अपना एंड्रॉयड प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का निर्देश


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 86 | इंदौर, मंगलवार 08 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


बहुत बड़ा उलटफेर करने के बाद ...

# तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी में भाजपा



## हरियाणा की राजनीति में आज तक नहीं हुआ ऐसा

## जम्मू-कश्मीर में इंडी गठबंधन सरकार बनना लगभग तय

डेंगू के बढ़ते केस पर कांग्रेस का विरोध

# डेंगू बाबा का विशाल भोज कर दी चेतावनी

## रोजाना फॉगिंग नहीं तो कांग्रेस करेगी उग्र प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डेंगू-मलेरिया के बढ़ते मामलों को लेकर सोमवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। डेंगू के मच्छरों के लिए विशाल भोज का आयोजन कर पत्तलों में गंदगी और गंदा पानी परोसा। कांग्रेस द्वारा किए गए इस अनोखे प्रदर्शन में सिर्फ तीन कांग्रेसी नेता ही शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया की, नगर निगम की निष्क्रियता के कारण मच्छरों से जुड़ी बीमारियां शहर भर में फैल रही हैं, और लगभग हर घर में कोई न कोई इस बीमारी से प्रभावित है।



### अधिकतर इलाकों में नहीं होती फॉगिंग

प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया की, इंदौर में डेंगू का प्रकोप बढऩे के बावजूद भी अधिकतर इलाकों में फॉगिंग की सुचारू व्यवस्था तक नहीं हुई है। बैकलाइन, नालियां और नालें गन्दगी से पटे पड़े हैं। शहर के अधिकांश इलाकों में गंदगी ही पड़ी रही थी। जिसकी कई बार स्थानीय लोगों ने शिकायत भी की पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि यदि नगर निगम द्वारा तीन दिन में फॉगिंग और दवाई का छिडक़ाव नहीं कराया गया तो सडक़ों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

### इंदौर से 40 किमी दूर एक गांव में मिले 85 मरीज

इंदौर शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर 2000 की आबादी वाले जलोदिया पंथ गांव में डेंगू के तकरीबन 85 मामले सामने आए हैं। सभी गंभीर मरीजों को इलाज के लिए इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां करीब हर घर में एक मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में मामला आते ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हो गए।

### गंदे पानी के जमाव से होता है डेंगू

यह एडीज मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी है। यह स्थिति तब बनती है जब घरों या आसपास एक ही स्थान पर बहुत दिनों से पानी जमा हो। जैसे कूलर, वॉश एरिया, सिंक, गमलों में भी कई बार पानी जमा रहता है, जो डेंगू का कारक बनता है। दौलत पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी

### क्यों होता है डेंगू?

डेंगू का बुखार एडीज मच्छर के काटने के कारण होता है। इस बीमारी से बचने के लिए अभी तक कोई टीका नहीं ढूंढा जा सका है, इसलिए डॉक्टर डेंगू के मच्छर से बचाव को ही बेहतर तरीका मानते हैं। एडीज मच्छर दिन के वक्त काटता है, इसलिए घर में मच्छर बिल्कुल न होने दें। आमतौर पर गमलों, कूलरों और टायर में इकाट्ठा हुए साफ पानी में यह मच्छर पनपता है, तो घर या आसपास कहीं भी पानी इकाट्ठा न रहने दें।

# नशे के कारोबार पर कैसे होगा वार,बड़े पदों की कुर्सियां ही खाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भोपाल में 18 सौ करोड़ की मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स गुजरात एटीएस और दिल्ली की एनसीबी की टीम ने पकड़ी। मध्य प्रदेश के अफसरों को इस फैक्ट्री के बारे में पता ही नहीं था। इस फैक्ट्री पर छापे की खबर भी गुजरात के एक मंत्री गृह मंत्री हर्ष संघवी की पोस्ट से लगी।**

इतने बड़े पैमाने पर हो रहे नशे के कारोबार का इंदौर और भोपाल जैसे शहरों का खुफिया तंत्र पता नहीं लगा पाया,जबकि फैक्ट्री में बनने वाली ड्रग के लिए कच्चा माल इंदौर और उज्जैन से जाता था।

नशे के कारोबार का आरोपी अमित चतुर्वेदी का इंदौर के कई केमिकल व्यापारियों से संपर्क है। वह सीधे इंदौर से फैक्ट्री में कच्चा माल मंगवा लेता था। इसकी भी जानकारी संबंधित विभागों को नहीं लगी। इस बड़ी खेप के पकड़े जाने के बाद प्रदेश के खुफिया तंत्र पर सवाल उठ रहे है। इंदौर में अब कलेक्टर ने एक टीम तैयार की है। जिसमें औषधि विभाग, एकेवीएन और प्रशासन के अफसर फैक्टरियों की जांच करेंगे। इंदौर के सांवेर रोड, पीथमपुर में सैकड़ों फैक्ट्री है।

## खुफिया तंत्र फेल होना ही था



### 15 दिन से एडीजी इंटेजिलेंस की कुर्सी खाली

पिछले माह प्रदेश में 15 आईपीएस के तबादले हुए थे। जिसमें एडीजी इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे जयदीप प्रसाद को लोकायुक्त संगठन का प्रभारी पुलिस महानिदेशक बनाया गया, लेकिन एडीजी इंटेलिजेंस की पोस्ट पर अभी तक नियुक्ति नहीं हो पाई है। इंदौर के एसपी इंटेलिजेंस डॉ. राजेश सहाय का भी तबादला हो गया। एक माह से वह कुर्सी भी खाली है।

जब मुखिया की कुर्सी ही खाली रहेगी तो फिर टीम कैसे फिल्ड में मजबूत रह सकती है। हैरानी की बात यह है कि इंदौर के एसडीएफ एसपी की पोस्ट पर सालभर से नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश के पूर्व डीजीपी एसके दास का इस बारे में कहना है कि पुलिस विभाग में यह पद काफी महत्वपूर्ण होते है। लंबे समय तक इनकी कुर्सी खाली नहीं रखी जाना चाहिए। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# ज्वाला देवी से दिव्य शक्ति पीठ पहुंची अखंड ज्योत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर इंदौर से सैकड़ों किलोमीटर दूर हिमाचल प्रदेश के ज्वालादेवी शक्तिपीठ से देवी के साक्षात ज्योति स्वरुप को इंदौर लाकर दिव्य शक्तिपीठ में स्थापित किया गया है। 12 सौ किलोमीटर से अधिक का यह सफर कार से तय किया गया। पूरी यात्रा के दौरान और मंदिर में देवी के साक्षात ज्योति स्वरुप को विधि-विधान से स्थापित करने के लिए ज्वाला देवी के मुख्य पुजारी आचार्य राघवेन्दर नाथ त्रिपाठी स्वयं इंदौर तक आए थे। उनके साथ पंडित आशीष कुमार और पंडित शशि कुमार भी थे। नवरात्रि में इस दिव्य अखंड ज्योत के दर्शन करने के लिए हर रोज हजारों श्रद्धालु दिव्य शक्तिपीठ पहुंच रहे हैं।

### हर रोज सैकड़ों कन्याएं कर रही है गरबा

दिव्य अखंड ज्योत की स्थापना के साथ ही मंदिर में हर रोज सैकड़ों कन्याएं गरबा भी कर रही है। साथ ही हर रोज विशेष आरती और भोग का आयोजन भी होता है। महासप्तमी से लेकर नवमी तक महाआरती का आयोजन भी होगा। साथ ही दशहरे भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। ज्वाला देवी से इंदौर तक के 18 सौ किलोमीटर की यात्रा कार से की गई। इस दौरान देवी के साक्षात ज्योति स्वरुप को डॉ दिव्या गुप्ता के साथ जगदीप सिंघल, बिंदु सिंघल, साधना कक्कर, अर्चना शर्मा और किशन वर्मा बारी-बारी से गोद में लेकर आए।

## वैष्णव धाम गरबा महोत्सव

**इंदौर।** वैष्णव धाम परिसर में 9 दिवसीय गरबे की धूम मची है, शुद्ध पारंपरिक गरबो में गुजराती काठियावाड़ी गरबे गाए जा रहें है, इंटरनेशनल रिदम ग्रुप के कलाकार प्रसिद्ध गरबा गायक संजय चौहान, नैना पवांर तिवारी, प्रीती दीक्षित शुद्ध गुजराती गरबों की प्रस्तुति दे रहीं है, मंगल बरसे मंगल बरसे वैष्णव धाम मां मंगल बरसे, परथम समरु, केशरियों रंग तने लाग्यो ना गरबा, थारा बिन श्याम आदि गुजराती गरबों की प्रस्तुती पर बालाकिएं थिरक रही है, राजेश मिश्रा के संगीत निर्देशन में शुद्ध पारंपरिक गरबे हो रहे है ।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# आगजनी से लोगों की जाने बचाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** धन्वतरी नगर में मानसरोवर अपार्टमेंट तीसरी मंजिल के फ्लेट में रहने वाले भारत मुकेश के घर में गैस सिलेन्डर बदलते समय लीक होने से आग लगी गई थी। फायर ब्रिग्रेड के आने से पूर्व ही बीट जवान आर 1594 संदीप पांचाल एंव आर 4283 जितेन्द्र कनेल ने स्वयं की परवाह न करते हुए आम जन की जान माल की सुरक्षा को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए सूझबूझ से फ्लेट में गैस सिलेन्डर के लीक होने से लगी आग को बुझाने के प्रयास किये और आग को बुझाया और मानसरोवर अपार्टमेंट में रहने वाले अन्य रहवासी करीबन 100 लोगो की जान की सुरक्षा पुलिस ने अपनी जान की परवाह किये बिना की, और बड़ी आगजनी की घटना होने से रोक कर लोगो की सुरक्षा सुनिश्चित की। इस प्रकार थाना राजेंद्र नगर पुलिस व्दारा तत्परता, सूझबूझ, संवेदनशील से भीषणतम दुर्घटना की संभावना को टाला। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को रहवासियों द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही पुलिस की तत्परता के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## गरबे में झलकी परिवार, संस्कृति और संस्कार की झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक शाम , साथ परिवार के उद्देश्य से इंदौर शहर में एक अनूठा कार्यक्रम यूथ इंस्पायर हब परिवार के द्वारा भारतीय पहनावा डांडिया नाइट के रूप में रखा गया। परिवार, संस्कृति, और संस्कार के संकल्प के साथ यूथ इंस्पायर हब की इस पहल में कई परिवारों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रियल एस्टेट के क्षेत्र में संस्था श्री राजवंश के शुभम शुक्ला, दीपम शुक्ला, और उनकी पूरी टीम की उपस्थिति में आरती के साथ यह गरबा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस कार्यक्रम को संस्कृति , और संस्कार के अनूठे समागम के रूप में परिभाषित करते हुए यूथ इंस्पायर हब के सार्थक प्रयास के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की जज फिट इंडिया ब्रांड एम्बेसेडर, जुम्बा इंस्ट्रक्टर आरती माहेश्वरी ने सभी प्रतिभागियों में से उत्कृष्ट गरबा करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया और श्रीमती आशा कैलाश विजयवर्गीय ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

**दीपपर्व के पूर्व मिली बाणगंगा के रहवासियों को सौगात**

# घर के लिए न्यूनतम कीमत पर मिलेगा प्लम्बिंग, बिजली, पेंटिंग व हार्डवेयर सामान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र के रहवासियों को श्री बालाजी हार्डवेयर इलेक्ट्रिक एवं पेन्ट्स के रूप में सौगात मिली है। दरअसल दीपावली पर लगभग सभी घरों और संस्थानों में साफ-सफाई के साथ ही सुंदर बनाने के लिए पुताई, पेंटिंग आदि की जाती है। इस संस्थान में बिजली से लेकर पुताई , घर बनने के लिए पाइप, नल फिटिंग,का सभी सामान ग्राहकों को न्यूनतम कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा।


नारायणसिंह मौर्य द्वारा न्यू प्रिंस नगर, कुशवाह नगर में शुरू किए गए बालाजी हार्डवेयर, इलेक्ट्रिक एवं पेंट्स का शुभारंभ 7 अक्टूबर सोमवार को डॉ.भरतसिंह राठौड़ (पूर्व अध्यक्ष, सम्राट सेना) के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद केके शिवम यादव, गोविंदसिंह सिसोदिया, राजू सिंह मौर्य (काका निमाड़ी) परिषद के पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह पटेल ऋषभ संतोष सिंह गौर, कल्याणसिंह तोमर (अध्यक्ष, सम्राट सेना) धर्मेंद्र सिंह बैरागढ़ मनोज सिंह राठौड़ सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। विद्वान पं. जयप्रकाश शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजन कर संस्थान का शुभारंभ कराया गया। सभी समाजजनों व सम्राट सेना के पदाधिकारियों ने श्री मौर्य को इस नई सौगात पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# कवि राजेन्द्र तिवारी को साहित्य साधना सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मन्दसौर**। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर की शारदीय काव्य गोष्ठी वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल के मुख्य आतिथ्य एवं कवि दिनेशचंद उपाध्याय, श्रीमती आशारानी उपाध्याय रतलाम, कवि मनोहर मधुकर जावरा, व्यंग्य लेखक रमेश मनोहर जावरा के विशेष आतिथ्य तथा श्री राजेंद्र तिवारी, नंदकिशोर राठौर, विजय अग्निहोत्री, नरेंद्र भावसार, अजय डांगी, श्रीमती चंदा डांगी, सुरेंद्र शर्मा पहलवान साहब तथा ध्रुव जैन की उपस्थिति में नए वैद्यम रिसोर्ट मंदसौर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि राजेंद्र तिवारी को साहित्य साधना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री बटवाल ने कहा कि श्री सत्यमित्रानंदजी के





परम शिष्य श्री राजेंद्र तिवारी मेरे गुरु भाई हैं। आपने सच्चे अर्थों में सत्यमित्रानंद जी की विरासत को धर्म एवं कर्म के रूप में अपने जीवन में उतारा है। सरल एवं निर्मल हृदय के श्री तिवारी को साहित्य साधना हेतु सम्मान प्रदान किया यह हमारे गुरुदेव की ही कृपा है।

## जैन समाज के गरबा आयोजन में दिखा कचनेर वाले बाबा का इतिहास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी इंदौर ओर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता द्वारा हंसदास मठ में आयोजित तीन दिवसीय रास रंग गरबा उत्सव का समापन हुआ। इंदौर में पहली बार कचनेर वाले बाबा के इतिहास पर स्पेशल प्रस्तुति गरबा हुआ। ये जानकारी देते हुए आयोजक प. योगेन्द्र महंत और राहुल सेठी ने बताया कि ये तीन दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। रात बजे 8 बजे मंगलाचरण के साथ गरबा उत्सव शुरू हुआ था। इसके पश्चात फिर रात 12 बजे तक सतत गरबा आयोजन चला था। इस आयोजन को निःशुल्क संजोया गया था। इसमें प्रशिक्षण के साथ गरबा करने वाले ओर देखने वाले सभी के लिए ये निःशुल्क आयोजन था। यहाँ पर प्रतिदिन एक साथ 972 युवतियों के साथ महिलायें ओर युवक ने गरबा किया है। सभी को गुजरात पेटर्न पर प्रशिक्षण कोरियोग्राफर ओशिन रिकिन तलाटी ओर लक्ष्या जैन ने दिया था। कोरियोग्राफर ओशिन रिकिन तलाटी ओर लक्ष्या जैन ने बताया कि गरबा आयोजन के अंतिम दिन कचनेर वाले बाबा श्री पारसनाथ भगवानजी के इतिहास पर आधारित स्पेशल गरबा प्रस्तुति हुई थी। इसमें प्रभु की प्रतिमा का टीले से निकलना, खंडित होना और घी-शक्कर से जुडऩे का पूरा विवरण नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया था।

## बंगाली क्लब नवलखा में 96वें शरदोत्सव की रंगारंग शुरुआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवलखा स्थित बँगाली क्लब में आयोजित 96 वें शारदोत्सव की रंगारंग शुरूआत आनंद मेले से हुई। सोमवार शाम को नगर एवं ग्राम निवेश के जाइन्ट डायरेक्टर डॉ. शुभाशीष बनर्जी ने फीता काटकर दो दिवसीय आनंद मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री श्री सारबोजनिन दुर्गा पूजा के अध्यक्ष अशोक मुखर्जी एवं सचिव रूपेश पाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य संबोधन में बनर्जी ने कहा कि एक संस्था द्वारा बीते 95 वर्षो से शारर्दोत्सव मनाना बड़ी बात है। इससे समाज की उत्सव प्रियता झलकती है। बंगाली स्कूल एंड क्लब के अध्यक्ष  जयंतनाथ चौधुरी एवं सचिव रवि नंदी ने बताया कि बंगाल से आये कारीगरों ने सुबह से ही बंगाली व्यंजनों को बनाने की तैयारियां शुरू कर दी थी। शाम को आंनद मेले में स्टालो पर फिश फ्राय, फिश कटलेट, माछा चौक, झींगा मछली चिंगडी, मटन करी, चिकन करी, चिकन बिरयानी, पारसे पीस की महक से पूरा परिसर चहक उठा। बच्चो ने रसगुल्ला, मिष्टि दोही, संदेश, लान्छा गुलाब जामुन को काफी पसंद किया। महिलाओ एवं पुरुषों ने चटकारे लेकर बंगाली व्यंजनो का आंनद लिया। बंगाली स्कूल एंड क्लब के उपाध्यक्ष रविशंकर रॉय चौधरी ने बताया कि आनंद मेला मंगलवार शाम 7 से रात 11 बेज  तक चलेगा।

## पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी की लेब को मिला राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**।  मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उज्जैन में स्थापित टेस्टिंग लेब को नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग कालिब्रेशन लेबोरेटरीज प्रमाण पत्र मिला है। आत्म निर्भर भारत के उद्देश्य से कंपनी की जरूरत की विद्युत सामग्री की जांच के लिए अब इस तरह की एनएबीएल प्रयोगशाला स्थानीय स्तर पर ही होने से अन्यत्र सामग्री भेजने में लगने वाला समय, शुल्क बचेगा। कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिहं और मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने उज्जैन की लेब को आगामी चार वर्षों के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र मिलने पर बधाई दी है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके नेगी ने बताया कि उक्त लेब पांच करोड़ की लागत से उज्जैन के शंकरपुर में तैयार हुई है। यहां अत्याधुनिक तरीके से ट्रांसफार्मर, तार और केबल की टेस्टिंग की जाएगी, जांच रिपोर्ट भी ऑटोमेटेड़ जनरेटेड़ प्राप्त होगी।

## मातृशक्ति गरबा मंडल द्वारा माता की उपासना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। मातृशक्ति गरबा मंडल द्वारा शानदार तरीके से गरबे के माध्यम से माता रानी की अराधना की जा रही है। सुंदर ड्रेस, नृत्य कौशल, के साथ आस्था का सैलाब, बुजुर्ग ,युवा एंव बाल भक्तो की भारी उपस्थिति ने कल रात्री मातारानी के दरबार मे प्रतिभागियों में उत्साह और उमंग छाया हुआ है। गरबा में हर उम्र के प्रतिभागी केवल गरबा नहीं बल्कि अपनी आकर्षक वेशभूषा के जरिए गुजरात की संस्कृति को इंदौर में पेश कर रहे हैं। गुजराती गीतों के साथ पारंपरिक गरबों के साथ बच्चों से लेकर बड़ों तक को सांस्कृतिक विरासत के साथ जोडऩे की कोशिश की जा रही है। मातृशक्ति गरबा मंडल द्वारा आयोजित गरबे में अतिथिगणों ने माँ के चरणो में उपस्थिति दर्ज करवाई । पधारे अतिथिगण महेश जोशी ,वीरेंद्र तिवारी विजय पटेल, करण  रघुवंशी, शंकर  कुमावत, राकेश  जैसवाल, प्रमोद शास्त्री , कार्यक्रम की व्यवस्था में सदारम जलखरे  , नवनीत मिश्रा , सुनील सोलंकी , सतीश काला, आनंद मेहता , कपिल रोहिरा ,जय कुशवाह एवं समस्त गरबा मंडल के सदस्यो ने अहम भूमिका निभाई । अतिथी गणो की मौजूदगी ने  इसे और भव्य बना दिया।



◆ बैतूल की पटाखा फैक्ट्री में पुलिस का छापा

# 60 किलो बारूद और 25,000 अवैध रस्सी बम जब्त, पांच गोदाम सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। बैतूल के साईखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारा, जिसमें लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन का मामला सामने आया है। फैक्ट्री में 60 किलो बारूद और अवैध रूप से तैयार किए गए 25,000 रस्सी बम मिले। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री के पांच गोदामों को सील कर दिया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।**



पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में गंज थाना प्रभारी रविकांत डहेरिया और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने लगभग चार लाख रुपये का अवैध पटाखा सामान भी जब्त किया। फैक्ट्री में 15 किलो बारूद के लाइसेंस के बावजूद 60 किलो बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके अलावा, पुलिस ने नाबालिग बच्चों से काम करवाए जाने का भी खुलासा किया। पुलिस ने राजेश दरवाई को गिरफ्तार किया, जो फैक्ट्री का संचालन कर रहा था, जबकि फैक्ट्री के मालिक अनिल दरवाई की तलाश जारी है। फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की अनदेखी से जनता की जान-माल को खतरा होने की संभावना जताई जा रही है।

निश्चल झारिया, पुलिस अधीक्षक (एसपी), बैतूल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक पटाखा फैक्ट्री में लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें लाइसेंस में निर्धारित मात्रा से अधिक बारूद और पटाखे मिले। इसके साथ ही नाबालिग बच्चों से काम करवाए जाने का भी खुलासा हुआ। पुलिस ने बारूद बनाने की सामग्री भी जब्त की है।

## चुनरी यात्रा में घुसी पिकअप, मासूम बच्ची की मौत, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** चुनरी यात्रा में जा रही एक मासूम की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब हर्रई नगर से कोकणपाट मंदिर तक माता रानी की चुनरी यात्रा जा रही थी। तभी यात्रा में शामिल 9 वर्षीय बालिका हादसे का शिकार हो गई।

जानकारी के मुताबिक हर्रई नगर में रहने वाली रुही पिता सतीश कहार खेड़ापति माता मंदिर हर्रई से कोकनपाठ झंडे वाली माता मंदिर की चुनरी यात्रा में शामिल होने गई थी। इस दौरान चार बजे के आसपास अचानक रुही यात्रा से बाहर होकर सड़क पार कर रही थी तभी बेलगाम रफ्तार से भाग रही पिकअप क्रमांक एमपी 28 जी 4738 ने उसे पहियों तले रौंद दिया। हादसे के बाद खून से लथपथ रुही को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर के अभाव में सही उपचार नहीं मिलने की वजह से रुही ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और उन्होंने यहां जमकर प्रदर्शन किया, इसके बाद पुलिस ने मामले को शांत कराया और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद लाश परिजनों को सौंप दी। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है, जबकि पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## भाजपा नेता ने पिस्टल से खुद को मारी गोली


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** सारनी थाना क्षेत्र में बगडोना निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रविन्द्र देशमुख ने सोमवार सुबह घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर पिस्टल एवं मृतक के पेंट की जेब से छह पेज का सुसाइड नोट मिला है। देशमुख (40) ने यह कदम तब उठाया, जब घर में कोई नहीं था। एफएसएल टीम ने मौके पर जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि मृतक के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो सुसाइड नोट में 10 सितंबर को दोस्त अनिल खवसे के अत्महत्या कर लेने की वजह से रुपयों के लेन-देन में परेशानी का जिक्र किया गया है। इसमें भाजपा से जुड़े कुछ लोगों के नाम के अलावा अन्य नाम के होने की भी चर्चा है। दोस्त के चले जाने के बाद से रविन्द्र तनाव में था। घटना स्थल से पुलिस ने पिस्टल, मोबाइल, सुसाइड नोट और गोली का छर्रा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि मृतक के पास पिस्टल का लाइसेंस नहीं था। यह उसके पास कहां से आई थी, इसकी भी जांच की जा रही है।

## मेधावी छात्रों को हर माह मिलेंगे 8 हजार रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहकों के मेधावी बच्चों को राज्य सरकार इंजीनियरिंग, ला और मेडिकल कोर्स की कोचिंग कराएगी। इसके लिए मेधावी बच्चों को कोचिंग का भत्ता भी दिया जाएगा। मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ ने अपनी एकलव्य शिक्षा विकास योजना का विस्तार करते हुए यह नए प्रविधान किए हैं।**



इसके अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों, फड़ मुंशियों एवं प्राथमिक लघु वनोपज समितियों के प्रबंधकों के मेधावी बच्चों को इसी वर्ष से 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण होने पर व्यावसायिक कोर्स जैसे इंजीनियरिंग एवं विधि (ला) और मेडिकल की कोचिंग के लिए भत्ता दिया जाएगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं रीवा संभागीय मुख्यालयों के लिए 12 माह तक आठ हजार रुपये प्रति माह, अन्य संभागीय मुख्यालयों के लिए छह हजार रुपये प्रति माह तथा संभागीय जिलों को छोड़कर शेष अन्य जिलों के लिए 3500 रुपये प्रति माह कोचिंग भत्ता दिया जाएगा। वर्ष 2022-23 से एकलव्य शिक्षा योजना के तहत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए 15 हजार रुपये, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को 18 हजार रुपये, गैर तकनीकी स्नातक उपाधि प्राप्त अध्ययनरत विद्यार्थी के लिए 25 हजार रुपये एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए 60 हजार रुपये प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान करता है। अब इंजीनियरिंग, ला और मेडिकल जैसी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग में भी मदद की जाएगी। मध्य प्रदेश में वनोपज तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले 16 लाख परिवार है और इनमें कुल 41 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक है। इनमें अधिकांश तेंदूपत्ता संग्राहक आदिवासी परिवार है जो जंगल से सटे गांवों में निवास करते हैं और केवल वन संपदा पर ही निर्भर हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी समय-समय पर आदिवासी परिवारों के उत्थान के लिए दिशा-निर्देश देते आए हैं। राज्यपाल की पहल ही वन विभाग इस दिशा में आगे बढ़कर पहल की है।

## जिले में एक साथ चार गांव के सचिवों को हुई जेल, शासकीय योजना की राशि के गबन का लगा आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया। मध्य प्रदेश में लगातार हो रहे गबन के आरोप में इस बार प्रदेश सरकार कुछ नया करने के मूड में है। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर जेल भेज दिया गया है। जहां एमपी के उमरिया जिले के इतिहास में एक साथ 4 ग्राम पंचायत सचिवों को एक माह के लिए जेल भेजा गया है।**

वहीं मिली जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया के द्वारा करकेली जनपद के चार सचिवों को एक माह के लिए जेल भी भेज दिया गया है। जहां इन चारों पंचायत सचिवों के ऊपर शासकीय योजना की राशि का गबन का आरोप भी लगाया जा रहा है। कई बार जन सुनवाई ग्रामीणों के खिलाफ आवेदन दिया था। जिसके दौरान इन सभी सचिवों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया था, लेकिन उनके द्वारा लंबे समय से टालमटोल भी लगातार किया जा रहा था। वहीं इसके बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह को ओहरिया ने इन सभी सचिवो को अंतिम अवसर भी दिया पर इसके के बाद भी इनके द्वारा लगातार सीईओ के निर्देश पर लापरवाही बरती जा रही थी और उनके द्वारा जवाब देने में आनाकानी की जा रही थी। जिसके बाद सीईओ जिला पंचायत उमरिया ने इन चार सचिवों को एक माह के लिए कल सोमवार को जेल भी भेज दिया है।

### इन सचिवों के ऊपर हुई कार्रवाई

वहीं भेजे गए चार सचिवों में मुख्य रूप से संतोष राय, कल्याण सिंह, सुभाष चंद्र रॉय और मानसिंह को एक माह के लिए जेल भेज गया है।

दोहरा हत्याकांड

## जमीन विवाद में फावड़े से 110 साल की मां और 70 साल के बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के मायापुर थाना क्षेत्र में एक दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है। इस हत्याकांड में छोटे बेटे ने अपनी 110 साल की मां और अपने बड़े भाई की फावड़े से हत्या कर दी। हत्याकांड के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। हत्याकांड की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। बताया जाता है कि मायापुर थाना सीमा में आने वाले गांव रामपुर में निवास करने वाले राज बंधु सिख का बीती रात अपनी मां दिलीप कौर और अपने बड़े भाई दर्शन सिख उम्र 70 साल से किसी बात पर विवाद हो गया था।

रात में यह विवाद किसी तरह शांत हो गया था। इसके बाद सोमवार सुबह 7 बजे फिर विवाद होने लगा। विवाद जमीन को लेकर बताया जा रहा है। इस विवाद में आरोपी राज बंधु उम्र 50 साल विवाद के दौरान इतना उग्र हो गया कि उसने घर में रखे फावडे से अपनी बूढ़ी मां दिलीप कौर को मार डाला। मां को बचाने के लिए राज बंधु का बड़ा भाई दर्शन सिख आया तो राज बंधु सिख ने उसके भी सिर पर भी फावड़ा मार दिया, इस घटना के बाद राज बंधु घटनास्थल से फरार हो गया। इनके पिता लाभ सिंह की कुछ साल पहले ही मौत हो गई थी।

## संपादकीय

# खत्म नहीं हो रहा हादसों का सिलसिला

भीड़भाड़ वाली जगहों पर हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसलिए प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी जगहों पर आवाजाही, निकासी, हवा-पानी, चिकित्सा सुविधा आदि की समुचित व्यवस्था करे। भीड़ प्रबंधन को लेकर नियम-कायदे भी तय हैं। मगर इसे लेकर सरकारें और पुलिस-प्रशासन प्रायः लापरवाह ही देखे जाते हैं। यही वजह है कि अक्सर भगदड़, तेज गर्मी, मंचों के टूटने, आग लगने आदि की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, पर प्रशासन उनसे कोई सबक लेता नजर नहीं आता। उसी की ताजा कड़ी चेन्नई के 'एअर शो' में तेज गर्मी और निर्जलीकरण के कारण पांच लोगों की मौत और करीब सौ लोगों की सेहत खराब होने के रूप में सामने आई। बताया जा रहा है कि विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने करीब सोलह लाख लोगों को चेन्नई के मरीना समुद्र तट पर जुटा लिया। मगर इतने लोगों के लिए जो इंतजाम होने चाहिए थे, वे नहीं किए गए। वहां का विपक्ष राज्य सरकार पर बदइंतजामी का ठीकरा फोड़ रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि भारतीय वायु सेना ने जितने सुरक्षाकर्मी मांगे थे, उससे अधिक उपलब्ध कराए गए थे। साढ़े छह हजार पुलिस कर्मी और डेढ़ हजार होमगार्ड तैनात किए गए थे। फिर यह सवाल अपनी जगह है कि इसके बावजूद लोगों को परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ा। बताया जा रहा है कि लोगों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस कर्मियों ने समुद्र किनारे पानी वगैरह बेच रहे खोमचे वालों को हटा दिया था। इसलिए लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो सका। फिर कार्यक्रम खत्म होने के बाद लोगों में ऐसी अफरातफरी मची कि घर पहुंचने के लिए बसों और मेट्रो आदि के लिए जगह-जगह भीड़ लग गई। चेन्नई की सड़कों पर घंटों वाहनों का जाम लगा रहा। जब भी इस तरह के आयोजन होते हैं तो अनुमानित भीड़ के मद्देनजर आने-जाने के रास्ते पहले से तय किए जाते हैं, लोगों के लिए पीने के पानी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं आदि का इंतजाम किया जाता है। मगर चेन्नई के 'एअर शो' में इसका नितांत अभाव देखा गया। आखिर क्यों भारतीय वायु सेना और चेन्नई पुलिस ने यह जानते हुए भी कि करीब सोलह लाख लोगों की भीड़ जमा होने वाली है, सुरक्षा संबंधी उपायों में लापरवाही बरती। ऐसे कीर्तिमान बना लेने का भी क्या लाभ, जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़े। यह कोई ऐसा आयोजन नहीं था, जिसे स्थानीय और अननुभवी लोगों ने बिना कुछ सोचे-समझे आयोजित किया था। इसके लिए महीनों से तैयारियां की गई होंगी। प्रचार-प्रसार किया गया होगा। उसमें विशिष्ट लोगों को अतिथि के रूप में बुलाया गया होगा। मौसम विभाग से जानकारी ली गई होगी। मौसम संबंधी जानकारी के लिए तो भारतीय वायुसेना का अपना भी इंतजाम रहता है। फिर, कैसे यह अनुमान लगाने में चूक हुई कि लोगों को गर्मी के कारण परेशानियां उठानी पड़ सकती हैं। यह भी समझ से परे है कि जब पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो यातायात व्यवस्था संभालने में वे कैसे विफल साबित हुए। इस घटना से फिर यही साबित हुआ है कि प्रशासन को या तो भीड़ संभालने का उचित प्रशिक्षण नहीं है या वह जानबूझ कर ऐसी लापरवाही करता है। मानो, आमजन की सुरक्षा उनकी खुद की जिम्मेदारी मान ली गई है। इसे सामान्य चूक या लापरवाही नहीं माना जा सकता, यह प्रवृत्तिगत दोष है।

### अर्ज किया है..!

*या तो खरीद लो*
*या ख़ारिज़ कर दो मुझे*
*यूँ सहूलियत के हिसाब से*
*किराए पर मत लिया करो मुझे*



isha

*सिर्फ भौतिक को ही धमकी दी जा सकती है। जब भौतिक से परे कोई आयाम आपके लिए एक जीवंत अनुभव बन जाता है, फिर कोई डर नहीं रह जाता।*

– जग्गी वासुदेव

## Health is Welth

# मेंटल हेल्थ पर बुरा असर डालते हैं ये 5 फेमस स्नैक्स, याददाश्त भी हो सकती है कमजोर

व्यक्ति का दिमाग उसके शरीर के सबसे सक्रिय अंगों में से एक माना जाता है। यही वजह है कि लोग दिमाग को शांत रखने के लिए योग और सेहतमंद बनाए रखने के लिए अखरोट जैसे मेवों का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं आपकी रोजमर्रा की डाइट में कई बार कुछ ऐसे स्नैक्स आइटम शामिल होते हैं, जो खाने में तो आपको टेस्टी लग सकते हैं लेकिन अनजाने में आपकी दिमागी सेहत को नुकसान पहुंचा रहे होते हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।



## दिमागी सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं ये स्नैक्स आइटम

### ◆ आलू के चिप्स

ज्यादातर आलू के चिप्स में अनहेल्दी ट्रांस फैट और सैचुरेटेड फैट मौजूद होते हैं, जो शरीर और मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकते हैं। जिसका संबंध न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों से जुड़ा हुआ हो सकता है।

### ◆ बेक्ड आइटम

कुकीज, बिस्कुट, नमकीन जैसी लगभग सभी बेक्ड चीजें, जो ट्रांस फैट से भरपूर होती हैं दिल और दिमाग की सेहत को नुकसान पहंचा सकती हैं। ब्लड में ट्रांस फैट की मात्र ज्यादा होने पर हार्ट स्ट्रोक के साथ अल्जाइमर और डिमेंशिया का खतरा बढ़ जाता है।

### ◆ डीप फ्राइड फूड

पकौड़े, चिकन विंग्स, फ्रेंच फ्राइज और समोसे जैसी फ्राइड चीजें खाने में भले ही टेस्टी लगी हों लेकिन ये सभी तली हुई चीजें सूजन का कारण बनकर मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दरअसल, डीप फ्राइड फूड खाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है। जिससे रक्त वाहिकाओं में फैट जमा होने लगता है और ब्लड वेसल्स खून की सप्लाई ठीक से नहीं कर पातीं। जिससे मस्तिष्क तक रक्त ले जाने वाली धमनियों में प्लाक जमा हो सकता है। ऐसे में अगर प्लाक का कोई टुकड़ा टूटकर मस्तिष्क तक पहुंच जाता है तो स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

### ◆ शराब

अध्ययनों के अनुसार, शराब के अत्यधिक सेवन से ब्रेन वॉल्यूम में कमी, चयापचय परिवर्तन और न्यूरोट्रांसमीटर में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है, ये वो रसायन हैं, जो मस्तिष्क संचार के लिए उपयोग करता है। इसके अलावा यह विटामिन बी1 की कमी पैदा करके वर्निक एन्सेफैलोपैथी नामक मस्तिष्क विकार का कारण भी बन सकता है।

### ◆ पीनट बटर

विशेषज्ञों के अनुसार, पैकेज्ड पीनट बटर में निम्न-श्रेणी की सामग्री का उपयोग किया जाता है, जो सूजन का कारण पैदा करके अल्जाइमर रोग के खतरे से जुड़ा हो सकता है।

New Delhi

# बुजुर्गों के लिए खुशखबरी; आयुष्मान भारत योजना में हो सकता है विस्तार, ये बीमारियां होंगी शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** AB-PMJAY यानी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर सरकार एक और बड़ा ऐलान कर सकती है। खबर है कि बीमारियों के लिहाज से योजना में विस्तार किया जा सकता है, जिसके तहत अल्जाइमर और डिमेंशिया समेत कई बीमारियों को शामिल किया जा सकता है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने 70 साल और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को योजना में शामिल किए जाने का ऐलान किया था।



टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने बताया है कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी आयुष्मान भारत योजना में और भी पैकेज शामिल करने की तैयारी कर रही है। इनमें खासतौर से ऐसी बीमारियां शामिल हैं, जिनका शिकार उम्र के चलते बुजुर्ग हो जाते हैं। कहा जा रहा है कि योजना में विस्तार के बाद लाभार्थियों की संख्या में भारी इजाफा होने के आसार हैं। फिलहाल, योजना में 25 हेल्थ पैकेज शामिल हैं।

सूत्रों ने अखबार को बताया, 'मेडिकल एक्सपर्ट्स की अगुवाई वाली एक कमेटी AB-PMJAY की नियमित रूप से समीक्षा करती है। हालांकि, यह मामला खास है, क्योंकि इसमें एक सब ग्रुप पर खास फोकस किया जा रहा है। कमेटी बुजुर्गों को प्रभावित करने वाली स्वास्थ्य परेशानियों को लेकर काम करेगी। इनमें खासतौर से वे बीमारियां शामिल हैं, जिनमें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है।

Rajasthan

## ट्रैक्टर पर गिरा हाईटेंशन वायर, एक ही परिवार के 6 लोग झुलसे, पति-पत्नी की मौत

**करौली, (एजेंसी)** राजस्थान के करौली जिले में एक बड़े हादसे की खबर आई है. यहां हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से एक ही परिवार के कुल 6 लोग झुलस गए जिसमें एक पति पत्नी की मौत हो गई. परिवार अपने खेत से बाजरे की कटाई कर कर थ्रेसर ट्रैक्टर से बैठकर घर लौट रहा था. इसी बीच अमरपुरा के पास 11 केवी लाइन का तार ट्रैक्टर पर गिर गया.

घटना के दौरान राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मौजूद थे. गनीमत रही कि भैंसों का काफिला आने से कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा के वाहनों को रुकना पड़ा वरना यह तार मीणा के काफिले पर गिरता और बड़ा हादसा हो जाता.

घटना से ग्रामीण में बिजली विभाग के खिलाफ गहरा आक्रोश है. ग्रामीणों का आरोप है उन्होंने कई बार बिजली विभाग को तारों को टाइट करने के लिए गुहार लगाई लेकिन किसी भी विद्युत अधिकारी कर्मचारी के ओर से 11 केवी लाइन को सही करने की जहमत नहीं उठाई गई जिसके चलते परिवार को जान गंवानी पड़ी. करंट से झुलसा परिवार अपने खेत से बाजरे की कटाई कर ट्रैक्टर की थ्रेसर मशीन से घर लौट रहा था. ट्रैक्टर चला रहे सोनू बेरवा के साथ उसकी पत्नी नीरज देवी पुत्र रोहित उम्र 7 वर्ष, अन्नू 8 वर्ष और जस्सू 20 वर्ष, मानसिंह बेरवा 30 वर्ष सहित 6 लोग बैठकर आ रहे थे. अचानक अमरपुरा गांव में 11 केवी का सिंगल तार टूटकर ट्रैक्टर थ्रेसर में बैठे इस परिवार के 6 लोगों पर गिर गया करंट लगने से सभी लोग बुरी तरह झुलस गये. ग्रामीणों ने घायलों को करणपुर स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने सोनू बेरवा को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी नीरज को करौली रेफर कर दिया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई.

Assam

## असम में एक करोड़ की नशीली गोलियां जब्त, एक गिरफ्तार

**असम, (एजेंसी)** असम से एक करोड़ से ज्यादा की कीमत की नशीली गोलियां जब्त किए जाने की खबर सामने आई है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के करीमगंज जिले में सोमवार को एक करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की 10 हजार याबा गोलियां जब्त की गईं। साथ ही एक शख्स को गिरफ्तार किया है।

असम राइफल्स ने पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी संख्या में नशीली गोलियां जब्त कीं। करीमगंज के एएसपी प्रताप दास ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना पर बदरपुर थाना क्षेत्र में जब्ती की गई। उन्होंने कहा, 'हमें नशीले पदार्थों के तस्करी करने के बारे में जानकारी मिली थी। सूचना पर हमने बदरपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया और एक करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए।'

पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान एक वाहन भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

Uttarpradesh

## कुत्ते का अंतिम संस्कार, गंगा में प्रवाहित की अस्थियां, फिर तेरहवीं का आयोजन... झांसी में 'बिट्टो' की मौत से सदमे में दंपति

**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी में एक पालतू कुत्ते की मौत के बाद मालिक ने उसकी तेरहवीं का आयोजन किया. इस तेरहवीं कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भोजन किया. इतना ही नहीं कुत्ते के मालिक ने अंतिम संस्कार करने के बाद विधि-विधान से उसकी अस्थियां भी प्रयागराज जाकर प्रवाहित की थीं. पूरे इलाके में इसकी चर्चा है.



दरअसल, पूरा मामला झांसी जिले के रक्सा थाना क्षेत्र के ग्राम सिजवाह का है, जहां संजीव सिंह परिहार अपनी पत्नी माला के साथ रहते हैं. उनके कोई संतान नहीं है. 13 साल पहले वह पोमेरेनियन नस्ल के दो कुत्तों को घर लेकर आए थे. जिसमें एक का नाम बिट्टो रखा और दूसरे का पायल. जैसे-जैसे दोनों डॉग बड़े हुए, दंपति का उनसे लगाव बढ़ता चला गया. माला के मुताबिक, कुछ समय पहले एक सांप संजीव की ओर बढ़ रहा था, तभी बिट्टो नाम वाले डॉग की नजर उसपर पड़ गई. बिट्टो ने फौरन सांप को पटक कर मार डाला और संजीव को बचा लिया. तब से संजीव और उनकी पत्नी माला दोनों डॉग को अपने बच्चों की तरह मानने लगे.

खेल

# दूसरे टी20 मुकाबले के लिए दिल्ली पहुंची भारतीय टीम

### एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए पहले मुकाबले को जीतने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम सोमवार को नई दिल्ली पहुंच गई। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर वहां मौजूद प्रशंसकों ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों का स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलकर भारतीय टीम के सदस्य होटल रवाना हो गए।**



भारतीय टीम की नजरें बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले दूसरे मुकाबले को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। माना जा रहा है कि दोनों टीमों के बीच दिल्ली में हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने मिलेगा। भारतीय टीम ने ग्वालियर में खेला गया पहला मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर पहले ही 1-0 की बढ़त बना ली है।

**पहले मैच में भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से किया प्रभावशाली प्रदर्शन-** भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मुकाबले में बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रन पर रोका। इसके बाद अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और कप्तान सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे भारतीय टीम ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन हार्दिक ने बनाए जो 16 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अर्शदीप और वरुण ने तीन-तीन विकेट लिए और अर्शदीप को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम-** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रियान पराग, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा।

सिनेमा

## इमरान हाशमी के साथ सेट पर हुआ हादसा, एक्शन सीन शूट करते समय गले पर लगा बड़ा कट

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी 'गुडाचारी 2' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इमरान इस वक्त फिल्म की शूटिंग करने में बिजी हैं। इसी बीच अब इमरान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म 'गुडाचारी 2' की शूटिंग करते वक्त एक्टर हादसे का शिकार हो गए हैं।



इस खबर के सामने आते ही इमरान के फैंस काफी परेशान हो गए हैं। इमरान हाशमी फिल्म 'गुडाचारी 2' में नजर आने वाले हैं। वो अपनी इस फिल्म की शूटिंग में काफी बिजी हैं। ऐसे में 'गुडाचारी 2' की शूटिंग के दौरान सेट पर इमरान जब एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे तभी उनके साथ एक बड़ा हादसा हो गया। इमरान के गले में चोट लग गई। इमरान की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें उनके गले में चोट लगी नजर आ रही है। एक्टर के गले में पट्टी बंधी हुई है। चोट लगने के तुरंत बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। फिलहाल इमरान अभी ठीक हैं। इस तस्वीर को देखकर फैंस काफी परेशान हो गए हैं। सभी उन्हें लेकर चिंता जाहिर करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि इमरान हाशमी आखिरी बार वेब सीरीज 'शोटाइम सीजन 2' में नजर आए थे। इसे जुलाई में डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज किया गया था। एक्टर आखिरी बार टाइगर 3 में नजर आए थे। फिल्म में एक्टर ने विलेन का रोल प्ले किया था। टाइगर 3 में इमरान के साथ सलमान खान और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में थे। वहीं, अब वो साउथ फिल्म 'गुडाचारी' के दूसरे पार्ट में नजर आने वाले हैं।

## Highlights

1. **Monsoon retreat: Heavy rainfall expected in Kerala**
2. **Trends show Congress-NC alliance crossing majority mark in leads in J&K**
3. **144 aspirants bought leaked NEET-UG paper, 49 arrested: CBI**
4. **BJP now ahead of Congress in Haryana, trends show**
5. **BJP's Saleem Bhat, Congress' Peerzada leading in J&K show trends**
6. **Peacock spotted at 6,500 feet in Uttarakhand, officials say 'Surprising'**

# Cognizant discriminated against non-Indian workers, US jury says

**NEW DEIHI, (Agency).** Cognizant engaged in a pattern of discriminatory conduct toward non-Indian workers and should pay punitive damages to compensate employees who suffered harm, a US jury found. The verdict came after the IT firm failed to persuade a Los Angeles federal judge last month to toss a 2017 job bias class-action lawsuit when a previous trial ended with a deadlocked jury.

A Cognizant spokesperson said the company is disappointed with the verdict and plans to appeal.

"We provide equal employment opportunities for all employees and have built a diverse and inclusive workplace that promotes a culture of belonging in which all employees feel valued, are engaged and have the opportunity to develop and succeed," the company said.




Bloomberg News reported in July that the Teaneck, New Jersey-based company was among a handful of outsourcing firms exploiting loopholes in the H1-B visa lottery system. The company defended its practices, saying it's fully compliant with US laws on the visa process. Cognizant also said that in recent years it has increased its US hiring and reduced its dependence on the H1-B program.

The Los Angeles case began after three employees who identify as "Caucasian" claimed in a lawsuit that Cognizant made a practice of giving preference to South Asians in employment decisions. The plaintiffs alleged they were terminated after being "benched" with no work for five weeks and then replaced by "visa-ready" workers from India set to be deployed to US projects and assignments.

Cognizant had the highest number of H-1B visas of any US employer from 2013 to 2019, according to Citizenship and Immigration Services.

# Samsung's rare apology as results sag: 'These are testing times'

**NEW DEIHI, (Agency).** Samsung Electronics Co. issued an apology to investors for disappointing results, admitting that the once-dominant memory chip giant is grappling with a potential crisis after losing its way.

Jun Young-hyun, newly appointed head of the core semiconductor business, promised to overhaul the organization in an unusually frank statement issued after Samsung disclosed worse-than-projected revenue and profit. In another filing, Korea's largest company confessed to delays in delivering a key type of chip




used with Nvidia Corp. processors for training AI — allowing SK Hynix Inc. to dominate the so-called high-bandwidth memory arena.

Apart from lagging SK Hynix in HBM, it's also shown little progress against Taiwan Semiconductor Manufacturing Co. in the outsourced production of custom-made chips. Samsung warned about "inventory adjustments" by unspecified customers, as well as increasing competition from a legacy or less-advanced Chinese memory chipmaker. Its shares slid as much as 1.8% Tuesday, on track for their lowest close since March 2023. That takes their overall loss to more than 20% this year.

"These are testing times," Jun said in his statement, adding that the leadership took full responsibility for Samsung's plight.

## कार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। पुलिस थाना संयोगितागंज पर फरियादी शशांक पता नौलखा नेमावर रोड इंदौर ने मौखिक रिपोर्ट किया कि दिनांक 1.10.24 को फरियादी ने अपनी कार अपने घर के सामने पार्क कर खड़ा किया था जिसे अगले दिन सुबह देखा तो कार अपने रखे स्थान पर नहीं दिखी। कार की आसपास तलाश करते नहीं मिली जिसे कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गया । करीबन 100 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया आसपास लोगों से पूछताछ की गई बाद मुखबिरी और टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर आरोपीगण विवेक उर्फ बिट्टू वर्मा पता नीतीश नगर राजेंद्र नगर इंदौर एवं देवकरण उर्फ सांवरिया पता बसंत पुरी कॉलोनी राजेंद्र नगर इंदौर को पकडा गया। आरोपीगण के कब्जे से चोरी गई कार जप्त किया गया एवं आरोपीगण के विरुद्ध विवेचना कार्य किया जा रहा है।

## महिला की संदिग्ध मौत

इंदौर। खजराना इलाके में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे है। मृतिका का नाम शाहिना बी पति असलम निवासी रोशन नगर है। शाहिना की तबीयत बिगड़ी तो पति उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वह उसे लेकर बड़े अस्पताल गया वहां भी डॉक्टर ने यही बात कही। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह साफ हो पाएगी। महिला के बारे में बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह स्वस्थ्य थी।

## ट्रक ने बाइक सवार अधेड़ को रौंदा

इंदौर। बेटमा थाना क्षेत्र में विशाल चौराहे के सामने हुए सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9.30 बजे ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 6162 ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अधेड़ ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गया। उसके शरीर के निचले भाग पर से ट्रक के पहिए गुजर गए, जिससे सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक ट्रक के अगले भाग में फंस गई। इस दुर्घटना के होने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटाने में जुटी है।

## फांसी लगाकर की खुदकुशी

इंदौर। एक कबाड़ी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। भाई को गरबा देखने के लिए उसने भेजा और उसके बाद फंदे पर झूल गया। मृतक का नाम आकाश पिता गणपत निवासी जागृति नगर है। बताया जा रहा है कुछ दिन पहले घर में विवाद करने के बाद वह चला गया था। लगभग 10-12 दिन बाद वापस लौटा था। रविवार की रात को भाई को उसने 300 रुपए दिए और कहा कि वह गरबा देखकर आ जाए। भाई देर रात लौटा तो आकाश फांसी पर लटका हुआ था। वह अविवाहित था। उसने खुदकुशी क्यों की है, मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## सोयाबीन बंटवारे को लेकर विवाद

इंदौर। सोयाबीन बंटवारे के विवाद में एक युवक पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। शिप्रा पुलिस के मुताबिक हमले की घटना ग्राम सोलसिंदा में हुई। घायल का नाम अनिल पिता अजबसिंह चौहान है। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आरोपी शोभाल सिंह, सूरज, विशाल, बजेसिंह, कांती, राधा और विष्णु के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की है। दोनों पक्षों के बीच सोयाबीन फसल के बंटवारे की बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपियों ने कुल्हाड़ी, तलवार और धारिए से हमलाकर दिया। जान से मारने की धमकी दी भी।

# प्रेग्नेंट पत्नी को हॉस्पिटल ले जा रहे युवक को पीटा, पेट्रोल छिड़क कार में लगाई आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गर्भवती पत्नी को इलाज के लिए ले जा रहे पति और उसके परिजनों के साथ मारपीट कार में आग लगा दी। आरोपियों ने पहले रास्ता रोक फिर जबरदस्ती पति को कार से निकाल कर मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंचे पिता को भी बेल्ट और लात-घूंसों से पिटा। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

घटना रविवार देर रात बाणगंगा इलाके के भवानी नगर स्थित मिश्रा आटा चक्की के आगे चौराहा की है। पुलिस ने फरियादी राजीव यादव, निवासी भवानी नगर की शिकायत पर मारपीट करने और कार में तोडफ़ोड़ कर आग लगाने के मामले में रवि, दशरथ, योगेश, विजय और अभिषेक के खिलाफ 126(2),296,115(2),351(2),326(च),3(5) की धाराओं में सोमवार को केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### देर रात पत्नी को हॉस्पिटल लेकर निकले थे

राजीव ने पुलिस को शिकायत में बताया की, पत्नी काजल 9 माह की गर्भवती है। रविवार देर रात उसे दर्द उठा। तब अपनी कार से पत्नी काजल, मां सुषमा बाई और रिश्तेदार रवि के साथ कार से एयरपोर्ट रोड़ स्थित भाटिया हॉस्पिटल जा रहे थे। यहां भवानी नगर स्थित मिश्रा आटा चक्की के पास नीले रंग की कार से आए पड़ोसी रवि और दशरथ उनका रास्ता रोका और कार से बाहर निकालकर मारपीट शुरू कर दी।

पत्नी और मां की आवाज सुन आसपास के लोग जाग गए। भीड़ देखकर पिता प्रकाश भी बाहर आए और बीच बचाव किया। तब तक आरोपियों के और साथी भी आ गए। उन्होंने पिता और राजीव को बेल्ट और लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। आसपास पड़े पत्थर उठाकर कार पर मारे।

### पेट्रोल छिड़ककर कार मे लगा दी आग

विवाद बढ़ता देख वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। तभी कार रिवर्स कर हम घर की ओर आ गए। आरोपियों ने यहां भी सरिए और डंडे से घर के दरवाजे और कार में तोडफ़ोड़ की। इस दौरान रवि, दशरथ और उसके साथियों ने कार पर पेट्रोल छिड़ककरआग लगा दी। जब तक वह आग बुझाने का प्रयास करते तब कार पूरी तरह से जल चुकी थी। बाद में पत्नी को दूसरी गाड़ी से अस्पताल लेकर पहुंचे। सोमवार को पत्नी का उपचार कराने के बाद थाने पहुंचे ओर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# कांग्रेस महिला अध्यक्ष और नेत्रियों पर केस

## बिना अनुमति निकाल दिया था कैंडल मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने बिना अनुमति के जुलूस निकालने को लेकर कांग्रेस महिला अध्यक्ष और नेत्रियों पर केस दर्ज किया है। सोमवार शाम उन्होंने बिना अनुमति के मधुमिलन से गांधी प्रतिमा तक जुलूस निकाला था।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया, रीटा डागरे और अन्य महिलाओं पर पुलिस ने बिना अनुमति के जुलूस निकालने को लेकर केस दर्ज किया है। प्रदेश में महिलाओं और बेटियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ इंदौर शहर व जिला महिला कांग्रेस द्वारा मधुमिलन चौराहे से गांधी प्रतिमा तक सोमवार शाम कैंडल मार्च निकाला गया था।

शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला द्वारा भीड़ इकट्ठा कर निकाले गए कैंडल मार्च को लेकर किसी अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई। इसे इंदौर कमिश्नर के उस आदेश की धारा 163 का उल्लंघन माना गया जिसके तहत बिना अनुमति के किसी भी तरह का जुलूस,धरना और प्रदर्शन करना प्रतिबंधित है। मामले में धारा 223 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# फैक्ट्री मालिक की कार फोड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा इलाके में तीन बदमाशों ने एक फैक्ट्री मालिक की कार भी फोड़ दी। मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने लवकुश कुमार निवासी श्रीनगर कॉलोनी की शिकायत पर कार में तोड़फ़ोड़ कर हमला करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। लवकुश कुमार ने बताया की, वह अपने मालिक को कार में लेकर महालक्ष्मी नगर उनके घर से सांवेर रोड ई सेक्टर में फैक्ट्री में जा रहा था। इंडों जर्मन के आगे आरोपियों ने रास्ता रोक कार में पथराव करना शुरू कर दिया। इससे कार का आगे का शीशा टूट गया। बाद में आरोपी मौके से भाग गए। लवकुश ने बताया कि शनिवार को भी तीन आरोपियों ने गाड़ी सामने आने की बात पर विवाद किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

## लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट की जमीन बेचने का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ग्राम पंचायत उमरिया के रहवासी सोमवार को दान में दी गई लक्ष्मी नारायण मंदिर की भूमि को लेकर महू एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंचे। स्थानीय ग्राम रहवासियों का कहना है कि उक्त जमीन सर्वे नंबर 9 रकबा 4.010 की भूमि को पूर्व में मंदिर निर्माण और पुजारी के परिवार का भरण पोषण के लिए दान में दी गई थी। जिसे समस्त ग्राम वासियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार भी किया गया था।

इसी जमीन की बात को लेकर गांव के ही दो पक्ष अपने-अपने दावे उक्त भूमि के स्वामित्व को लेकर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सोमवार को बड़ी संख्या में महू एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर भूमि को मंदिर के नाम पर ही करने की मांग की है। इस दौरान गांव के लोगों ने तहसील कार्यालय के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया और भजन भी गाए। मामले में तहसीलदार विवेक सोनी का कहना है कि एसडीएम साहब ने दोनों ही पक्षों को आज तहसील कार्यालय बुलवाया था लेकिन एसडीएम अभी इंदौर कलेक्टर ऑफिस मीटिंग में गए हुए है। एसडीएम के आने के बाद दोनों पक्षों को सुना जाएगा।

# 7 साल के बच्चे से गंदी हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 7 साल के बच्चे के साथ दो नाबालिगों ने गंदी हरकत की। मामले में पुलिस ने पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। उधर, घटना के बाद पीडित बालक की मां ने भी एक आरोपी को पीट दिया था। दूसरे पक्ष की ओर से उनके खिलाफ भी केस दर्ज करवाया गया है। कनाडिया पुलिस ने बिचौली हप्सी में रहने वाले 7 साल के बच्चे के अप्राकृतिक कृत्य करने के मामले में दो नाबालिग लडकों पर केस दर्ज किया गया है। पीडित बालक की मां ने बताया कि मेरा बेटा 4 अक्टूबर को रात गरबा पंडाल के पास बने स्लाइड में खेल रहा था। तभी दो लडकों ने उसके साथ अश्लील हरकत की। बच्चा जब उनसे छूटकर भागने लगा तो आरोपी लडकों ने उसका मुंह दबाया और हाथ मरोडते हुए उसके साथ गंदी हरकत कर डाली। वहां से लौटने पर मां को उनकी हरकत के बारे में पता चला। हरकत कालोनी के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। बताते हैं कि पीडित बालक की मां जब आरोपियों को तलाशने निकली तो एक आरोपी उसे दिखा तब उन्होंने उसकी पिटाई कर डाली। मामले में आरोपी बने एक नाबालिग की मां ने बताया की,पीडित बालक की मां उनके घर आई और बेटे पर गलत हरकत करने का आरोप लगाया। पति ने इस बात पर बेटे सहित माफी मांगी। इसके बाद भी महिला ने गाली गलौज करते हुए बेटे को चप्पल से पीटा, बीच बचाव करने पहुंचे पति से भी विवाद किया।

# हार्न बजाया तो कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हॉर्न बजाने के विवाद में ऑटो चालक और उसके साथियों ने एक युवक को घेरकर जमकर पीटा और चाकू मारकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। सिमरोल पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना रविवार की शाम ग्राम सिमरोल में शारदिया कोल्ड स्टोरेज के सामने हुई। घायल का नाम सजन पिता चतरङ्क्षसह चौहान (28) है। पुलिस ने फरियादी रतनसिंह पिता गजराज चौहान निवासी ग्राम झिगड़ी, बलवाड़ा (जिला खरगोन) की रिपोर्ट पर ऑटो रिक्शा क्रं एमपी 09 डीएस 2842 में सवार शाहरुख और उसके अन्य 5 साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक रिक्शा सवार आरोपी शाहरुख व अन्य ने फरियादी और उसके साथी सजन के साथ साइड देने के लिए बार बार हॉर्न बजाने की बात को लेकर झगड़ा किया। गालियां दी, मारपीट की और सजन को चाकू मारकर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फ़ोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक